**Series : 5WXZY** **SET ~ 2**

प्रश्न-पत्र कोड **29/5/2**

**रोल नं.**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

#

# हिन्दी (ऐच्छिक)

# HINDI (Elective)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या **13** है।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **तीन** खण्ड हैं – खण्ड **क**, **ख** और **ग**।*

*(iii)* *तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(iv)* *दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(v)* *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

## खण्ड क

## (अपठित बोध)

**1.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *8*

मैं किसी पर भरोसा करना चाहती हूँ
भरोसा करने के बाद चीज़ें बदल जाती हैं
जैसे कि यह मेज़
जो पहले मुझे ऊँची और खुरदुरी लगती थी
पर अब मैं इस पर घंटों काम कर सकती हूँ।

तार पर सूखते कपड़े उतारते समय
बरामदे से जो दृश्य दीखता है
उसमें से आती शाम
अधिक हरी होकर आती है
साफ़ और नए लगते हैं उसके कपड़े
जैसे वह कहीं घूमने जा रही हो
स्वप्न में अक्सर
इम्तिहान का कमरा और रेलवे प्लेटफ़ॉर्म
आते थे
गणित, भौतिकशास्त्र और अंग्रेज़ी के परचे
ख़राब हो जाते थे
प्लेटफ़ॉर्म पर पहुँचते ही छूट जाती थी रेल
पर अब ऐसा नहीं होता
काम समय पर होते हैं कुछ नहीं भी होते
सब कुछ मगर उतना निराशाजनक नहीं
लगता
अब जबकि
दुनिया एक गाँव बनने जा रही है
और एक विश्व बाज़ार है जिसमें
हम सब बिला जाएँगे
कितना जोखिम भरा शब्द हो गया है भरोसा
और उससे भी बड़ा जोखिम है उसे बचाना
क्योंकि वही बदलता है चीज़ों को
वही बचाता है स्मृतियों को।

(i) भरोसा करने के बाद चीज़ें कैसे बदल जाती हैं ? *1*

(A) उनसे लगाव और स्नेह हो जाता है।

(B) उनसे अपरिचय खत्म हो जाता है।

(C) उन पर विश्वास जीवन में सकारात्मकता लाता है।

(D) उन्हें देखने का हमारा नज़रिया बदल जाता है।

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*कथन :* सपने में अक्सर इम्तिहान का कमरा और रेलवे के प्लेटफ़ॉर्म आते थे।

*कारण :* जिन चीज़ों के प्रति हमारे अंतर्मन में भय होता है, वे अवचेतन में आती हैं।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, परन्तु कारण सही है।

(B) कथन सही है, परन्तु कारण ग़लत है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं, परंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है।

(iii) काव्यांश के आधार पर कवयित्री के बारे में कौन-सी बात सत्य प्रतीत होती है ? *1*

(A) उसे किसी पर भी भरोसा नहीं होता।

(B) गणित, भौतिकी और अंग्रेज़ी उसके लिए कठिन विषय थे।

(C) वह एक निराशावादी व्यक्ति है।

(D) उसे ऊँची और खुरदुरी मेज़ पसंद थी।

(iv) कविता का शीर्षक क्या हो सकता है ? अपने शीर्षक के लिए उचित कारण एक वाक्य में दीजिए। *1*

(v) भरोसा एक जोखिम भरा शब्द क्यों हो चुका है ? काव्यांश के आधार पर लिखिए। *2*

(vi) समय और भरोसे के साथ क्या-क्या बदल सकता है ? दो बिंदुओं में उपयुक्त उदाहरण सम्मिलित करते हुए उत्तर दीजिए। *2*

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *10*

डिजिटल अरेस्ट (कैद) मनोवैज्ञानिक भयादोहन (ब्लैकमेल) का सबसे नया तरीका है। इसमें साइबर अपराधी तकनीक की मदद से लोगों को कैदी बनाने लगे हैं। वे आपकी निजी जानकारी हासिल कर या किसी झूठे मामले का जिक्र कर आपको इस बुरी तरह से ब्लैकमेल करते हैं कि आप अपनी सहज-विवेक शक्ति भी भुला बैठते हैं। मनुष्य के मन पर क़ब्ज़ा इस अपराध का सबसे प्रबल पक्ष है।

आज के समय में किशोर से लेकर वृद्ध तक, हर कोई डिजिटल सेवाओं का उपयोग कर रहा है इसीलिए साइबर अपराधियों का काम आसान हो गया है। डिजिटल कैद में किसी भी व्यक्ति को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से कैद हो गया है, उसे जुर्माना देना होगा। लोगों को ध्यान रखना चाहिए कि सरकारी एजेंसियाँ ऑनलाइन तरीके से नहीं, भौतिक तरीके से ही पूछताछ करती हैं। बार-बार विभिन्न तरीकों के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जाता है कि अपने बैंक खातों की गोपनीय जानकारी या ओ.टी.पी. किसी को न दें लेकिन लोग इस ओर ध्यान न देकर ये जानकारी उन्हें सौंप देते हैं और धोखा खाते हैं।

साइबर अपराध के लिए हेल्पलाइन नंबर या ई-मेल के जरिए शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा, स्थानीय पुलिस को तुरंत सूचना देकर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सरकार ने ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए संचार साथी वेबसाइट 'चक्षु पोर्टल' को लॉन्च किया गया है।

बदलते दौर में सचेत रहने की जरूरत है। अगर कोई अनजान व्यक्ति आपको वाट्सएप पर किसी ग्रुप में जोड़े या फेसबुक पर लालच देकर किसी पेज को पसंद करने को कहे तो ऐसा नहीं करना चाहिए। यू ट्यूब पर दिए गए नंबरों पर कॉल नहीं करना चाहिए, किसी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। पैसा कमाने के शॉर्टकट तरीकों से बचना चाहिए। समय के साथ समझदारी और सचेतता से ही इस अपराध से बचा जा सकता है।

(i) किसी भी व्यक्ति से पूछताछ के लिए सरकारी एजेंसियाँ अपनाती हैं : *1*

(A) ऑनलाइन तरीका (B) भौतिक तरीका

(C) मनोवैज्ञानिक तरीका (D) कानूनी तरीका

(ii) गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित में से लोगों को ठगने का कौन-सा तरीका साइबर अपराधियों द्वारा ***नहीं*** अपनाया जाता ? *1*

(A) वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर जानकारी हासिल करना

(B) पैसों का लालच देकर फेसबुक पर पेज पसंद करवाना

(C) ए.टी.एम. कार्ड की नकल बना मशीन से पैसे निकालना

(D) यू ट्यूब पर वीडियो पसंद करने पर पैसों का लालच देना

(iii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*कथन* : साइबर अपराधी तकनीक की मदद से लोगों को कैदी बनाने लगे हैं।

*कारण* : आज के समय में हर व्यक्ति डिजिटल सेवाओं का आनंद ले रहा है।

**विकल्प :**

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कारण सही है, परन्तु कथन ग़लत है।

(C) कथन सही है, परन्तु कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iv) डिजिटल अरेस्ट से क्या अभिप्राय है ? *1*

(v) साइबर अपराधी डिजिटली कैद किए गए व्यक्ति से धन किस प्रकार ऐंठते हैं ? *2*

(vi) साइबर अपराध से बचने के लिए जानकारी और सावधानी ही एकमात्र तरीका है। सिद्ध कीजिए। *2*

(vii) भयादोहन के लिए साइबर अपराधी लोगों की मानसिक शक्ति पर प्रहार क्यों करते हैं ? *2*

## खण्ड ख

## (अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए :

(क) 'सोने की कीमतों में आया भारी उछाल' – जैसी ख़बर किस विशेष क्षेत्र की है और क्यों ? *1*
(शब्द सीमा लगभग 20 शब्द)

(ख) 'संपादक के नाम पत्र' जैसे कॉलम किसी अख़बार के लिए जरूरी स्तंभ क्यों होते हैं ? *2*
(शब्द सीमा लगभग 40 शब्द)

(ग) भारत में वेब पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति पर एक टिप्पणी कीजिए। *2*
(शब्द सीमा लगभग 40 शब्द)

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) टेलीविज़न में ख़बरों के कौन-कौन से चरण होते हैं ? किन्हीं तीन चरणों का वर्णन कीजिए।

(ख) समाचार लेखन में छह ककारों का क्या महत्त्व है ? समाचार के मुखड़े और बॉडी का ब्यौरा देते हुए स्पष्ट कीजिए।

(ग) वर्तमान समय में समाचार-पत्रों में खेलों को अधिक महत्त्व दिया जाने लगा है, इनके बिना उसे संपूर्ण नहीं माना जाता, क्यों ?

**5.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : *5*

(क) जब मेरी बनाई फ़िल्म ऑस्कर पुरस्कार के लिए चयनित हुई

(ख) युवाओं में सेल्फी (अपनी तस्वीर खुद लेना) की बढ़ती लत

(ग) अनुभव की खान हैं बुज़ुर्ग

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) कहानी के केंद्रीय बिंदु को स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कहानी-लेखन में किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।

(ख) आप अपनी पसंदीदा कविता का उल्लेख करते हुए लिखिए कि उसकी संरचना और भावों में ऐसा क्या खास है कि वह आपकी प्रिय कविता है।

(ग) एक सशक्त नाटक किन तत्त्वों की उपस्थिति से बनता है ? सोदाहरण लिखिए।

## खण्ड ग
## (पाठ्य-पुस्तकों अंतरा तथा अंतराल पर आधारित प्रश्न)

**7.** निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए : *5×1=5*

''नहीं मायजी ! ज़मीन-जायदाद अभी भी कुछ कम नहीं। जो है, वही बहुत है। टूट भी गई है, है तो आखिर बड़ी हवेली ही। 'सवांग' नहीं है, यह बात ठीक है ! मगर, बड़ी बहुरिया का तो सारा गाँव ही परिवार है। हमारे गाँव की लक्ष्मी है बड़ी बहुरिया। ... गाँव की लक्ष्मी गाँव को छोड़कर शहर कैसे जाएगी ? यों, देवर लोग हर बार आकर ले जाने की ज़िद करते हैं।''

बूढ़ी माता ने अपने हाथ हरगोबिन को जलपान लाकर दिया, ''पहले थोड़ा जलपान कर लो, बबुआ !''

जलपान करते समय हरगोबिन को लगा, बड़ी बहुरिया दालान पर बैठी उसकी राह देख रही है – भूखी-प्यासी...। रात में भोजन करते समय भी बड़ी बहुरिया मानो सामने आकर बैठ गई... कर्ज़-उधार अब कोई देते नहीं। ... एक पेट तो कुत्ता भी पालता है, लेकिन मैं ?... माँ से कहना...!

हरगोबिन ने थाली की ओर देखा – दाल-भात, तीन किस्म की भाजी, घी, पापड़, अचार।... बड़ी बहुरिया बथुआ-साग उबालकर खा रही होगी।

बूढ़ी माता ने कहा, ''क्यों बबुआ, खाते क्यों नहीं ?''

''मायजी, पेटभर जलपान जो कर लिया है।''

''अरे, जवान आदमी तो पाँच बार जलपान करके भी एक थाल भात खाता है।''

हरगोबिन ने कुछ नहीं खाया। खाया नहीं गया।

संवदिया डटकर खाता है और 'अफर' कर सोता है, किंतु हरगोबिन को नींद नहीं आ रही है। ... यह उसने क्या किया ? क्या कर दिया ? वह किसलिए आया था ? वह झूठ क्यों बोला ?... नहीं, नहीं, सुबह उठते ही वह बूढ़ी माता को बड़ी बहुरिया का सही संवाद सुना देगा – अक्षर-अक्षर।

(i) हरगोबिन ने बड़ी बहुरिया के संबंध में कौन-सी बात ***असत्य*** कही है ?

(A) उनके पति अब नहीं हैं।

(B) उनका घर आज भी बड़ी हवेली है।

(C) देवर लोग हर बार आकर साथ ले जाने की ज़िद करते हैं।

(D) गाँव की लक्ष्मी हैं बड़ी बहुरिया।

(ii) जलपान करते हुए हरगोबिन के कानों में बड़ी बहुरिया की बातें क्यों गूँजने लगीं ?

(A) सत्य को छिपाने की दुविधा और अपराध बोध के कारण।

(B) बड़ी बहुरिया की स्थिति को याद कर घबराहट के कारण।

(C) अच्छा भोजन करते हुए उनकी याद आना स्वाभाविक था।

(D) उनके मायके की खुशहाली देख उनकी बुरी अवस्था पर तरस आने के कारण।

(iii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

*कथन :* हरगोबिन से रात का खाना नहीं खाया गया।

*कारण :* क्योंकि उसने पेटभर जलपान कर लिया था।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, परन्तु कारण सही है।

(B) कथन सही है, परन्तु कारण ग़लत है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं, परंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है।

(iv) उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि संवदिया :

I. एक संवेदनशील मनुष्य है।

II. वह आदतन असत्य बोलता है।

III. उसे भरपेट खाने और अच्छी नींद लेने की आदत थी।

**विकल्प :**

(A) केवल III सही है।　　(B) केवल I सही है।

(C) I और II सही हैं।　　(D) I और III सही हैं।

(v) 'संवदिया डटकर खाता है और 'अफर' कर सोता है' – इस पंक्ति का आशय है :

(A) पेटभर खाता है और फैल कर सोता है।
(B) वह कोई चिंता-फिक्र नहीं करता।
(C) उसे सिर्फ खाने और सोने का ही काम है।
(D) संवदिया खाने के लिए कोई काम नहीं करता।

**8.** गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'दूसरा देवदास' कहानी के आधार पर लिखिए कि संभव संध्या की आरती से लौटकर अनमना सा क्यों था। उसकी अवस्था का चित्रण करते हुए कारण लिखिए।

(ख) 'घड़ी के पुर्जे' पाठ के संदर्भ में 'घड़ीसाज़' को भी घड़ी खोलकर देखने की इज़ाज़त न देने का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए लिखिए कि इसका क्या दुष्परिणाम होगा।

(ग) आपके पाठ्यक्रम में मज़दूरों के शोषण पर केंद्रित लघुकथा कौन-सी है और उसमें उनके शोषण के किन पक्षों पर प्रकाश डाला गया है ?

**9.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी ***एक*** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *6*

(क) किंतु यह भ्रम है... यह बाढ़ नहीं, पानी में डूबे धान के खेत हैं। अगर हम थोड़ी सी हिम्मत बटोरकर गाँव के भीतर चलें, तब वे औरतें दिखाई देंगी जो एक पाँत में झुकी हुई धान के पौधे छप-छप पानी में रोप रही हैं; सुंदर, सुडौल, धूप में चमचमाती काली टाँगें और सिरों पर चटाई के किश्तीनुमा हैट, जो फ़ोटो या फ़िल्मों में देखे हुए वियतनामी या चीनी औरतों की याद दिलाते हैं। ज़रा-सी आहट पाते ही वे एक साथ सिर उठाकर चौंकी हुई निगाहों से हमें देखती हैं – बिलकुल उन युवा हिरणियों की तरह, जिन्हें मैंने एक बार कान्हा के वन्यस्थल में देखा था। किंतु वे डरतीं नहीं, भागतीं नहीं, सिर्फ़ विस्मय से मुसकुराती हैं और फिर सिर झुकाकर अपने काम में डूब जाती हैं... यह समूचा दृश्य इतना साफ़ और सजीव है – अपनी स्वच्छ मांसलता में इतना संपूर्ण और शाश्वत – कि एक क्षण के लिए विश्वास नहीं होता।

**अथवा**

(ख) भारतेंदु-मंडल की किसी सजीव स्मृति के प्रति मेरी कितनी उत्कंठा रही होगी, यह अनुमान करने की बात है। मैं नगर से बाहर रहता था। एक दिन बालकों की मंडली जोड़ी गई। जो चौधरी साहब के मकान से परिचित थे, वे अगुआ हुए। मील डेढ़ मील का सफर तै हुआ। पत्थर के एक बड़े मकान के सामने हम लोग जा खड़े हुए। नीचे का बरामदा खाली था। ऊपर का बरामदा सघन लताओं के जाल से आवृत था। बीच-बीच में खंभे और खुली जगह दिखाई पड़ती थी। उसी ओर देखने के लिए मुझसे कहा गया। कोई दिखाई न पड़ा। सड़क पर कई चक्कर लगे। कुछ देर पीछे एक लड़के ने उँगली से ऊपर की ओर इशारा किया। लता-प्रतान के बीच एक मूर्ति खड़ी दिखाई पड़ी। ....... बस, यही पहली झाँकी थी।

**10.** निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए : *5×1=5*

अरुण यह मधुमय देश हमारा !
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।
सरस तामरस गर्भ विभा पर – नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर – मंगल कुंकुम सारा !
लघु सुरधनु से पंख पसारे – शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किए – समझ नीड़ निज प्यारा।
बरसाती आँखों के बादल – बनते जहाँ भरे करुणा जल।
लहरें टकराती अनंत की – पाकर जहाँ किनारा।
हेम-कुंभ ले उषा सवेरे – भरती ढुलकाती सुख मेरे।
मदिर ऊँघते रहते जब – जगकर रजनी भर तारा।

(i) विदेशी होकर भी कार्नेलिया भारत की प्रशंसा के गीत क्यों गा रही है ?

I. उसे यह देश अपना लगने लगा है।

II. इस देश के लोगों के मधुर व्यवहार ने उसे अपना बना लिया है।

III. उसमें विजेता-भाव है और वह इस देश पर अपना अधिकार समझती है।

**विकल्प :**

(A) केवल I और III  (B) केवल I और II

(C) केवल II और III  (D) I, II और III तीनों

(ii) इस कविता में भारत की किन विशेषताओं का उल्लेख है ?

(A) प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक  (B) प्राकृतिक एवं राजनीतिक

(C) सामाजिक एवं सांस्कृतिक  (D) राजनीतिक एवं सामरिक

(iii) 'लहरें टकराती अनंत की – पाकर जहाँ किनारा' – पंक्ति का भाव है :

(A) अनजान लोगों को भी सहारा मिलना

(B) किनारे के लिए लहरों का संघर्ष करना

(C) समुद्र की लहरों का किनारों से टकराना

(D) अनजान लोगों का आश्रय के लिए भटकना

(iv) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

*कथन :* भारत एक ऐसा देश है जहाँ सुदूर देशों से आए हुए लोगों का भी खुले दिल से स्वागत होता है।

*कारण :* भारतवर्ष के लोगों में दया, करुणा और सहानुभूति की भावना है, यहाँ सभी को आश्रय मिलता है।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, परन्तु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है, परंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है।

(v) 'हेम-कुंभ ले उषा ...' पंक्ति में हेम-कुंभ का आशय है :

(A) सोने का घड़ा (B) मिट्टी का कलश

(C) सूर्य रूपी घड़ा (D) सुनहरे रंग का कलश

**11.** काव्य-खण्ड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) वसंत ऋतु में होने वाले परिवर्तनों का वर्णन 'वसंत आया' कविता के आधार पर कीजिए।

(ख) तुलसीदास के 'भरत' आदर्श भाई का एक मानक प्रस्तुत करते हैं, कैसे ? पाठ्यक्रम में पढ़े हुए अंश के आधार पर लिखिए।

(ग) 'एक बूँद' कविता में प्रयुक्त 'सागर' और 'बूँद' के अर्थ को स्पष्ट करते हुए बूँद के महत्त्व पर टिप्पणी कीजिए।

**12.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *6*

(क) ''इस शहर में धूल
धीरे-धीरे उड़ती है
धीरे-धीरे चलते हैं लोग
धीरे-धीरे बजते हैं घंटे
शाम धीरे-धीरे होती है

यह धीरे-धीरे होना
धीरे-धीरे की सामूहिक लय
दृढ़ता से बाँधे है समूचे शहर को
इस तरह कि कुछ भी गिरता नहीं है
कि हिलता नहीं है कुछ भी
कि जो चीज़ जहाँ थी
वहीं पर रखी है
कि गंगा वहीं है
कि वहीं पर बँधी है नाव''

**अथवा**

(ख) पूस जाड़ थरथर तन काँपा । सुरुज जड़ाइ लंक दिसि तापा ॥
बिरह बाढ़ि भा दारुन सीऊ । कँपि कँपि मरौं लेहि हरि जीऊ ॥
कंत कहाँ हौं लागौं हियरै । पंथ अपार सूझ नहिं नियरें ॥
सौर सुपेती आवै जूड़ी । जानहुँ सेज हिवंचल बूढ़ी ॥
चकई निसि बिछुरैं दिन मिला । हौं निसि बासर बिरह कोकिला ॥
रैनि अकेलि साथ नहिं सखी । कैसें जिऔं बिछोही पँखी ॥
बिरह सचान भँवै तन चाँड़ा । जीयत खाइ मुएँ नहिं छाँड़ा ॥
रकत ढरा माँसू गरा, हाड़ भए सब संख ।
धनि सारस होइ ररि मुई, आइ समेटहु पंख ॥

**13.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए : *2×5=10*

(क) 'अपना मालवा...' पाठ का लेखक विकास की सभ्यता को मूलत: क्या मानता है और क्यों ? क्या आप उसकी राय से सहमत हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(ख) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के आधार पर गाँव की वर्षा का चित्रण कीजिए। वर्षा से उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए लिखिए कि इसके बाद भी लेखक उसे इस भावुकता से क्यों याद करता है।

(ग) भैरों ने सूरदास की झोंपड़ी में आग क्यों लगाई ? वह अपने कार्य को उचित क्यों मान रहा था ? आपके विचार से भैरों के साथ किस प्रकार का व्यवहार किया जाना चाहिए और क्यों ?